# महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में
# सिद्धयोग सत्संग के लिए तैयारी करें

१० फ़रवरी, २०२६

आत्मीय पाठक,

जैसा कि आप जानते हैं, १५ फ़रवरी को हम सब सिद्धयोग वैश्विक हॉल में, सीधे वीडिओ प्रसारण द्वारा एक सिद्धयोग सत्संग में भाग लेंगे। इस सत्संग का शीर्षक है, ‘मांगल्य को बढ़ाओ, महाशिवरात्रि का उत्सव मनाओ।’

इस सत्संग की तैयारी हेतु आप सिद्धयोग पथ की वेबसाइट पर, ‘मन्त्र के साथ नाता जोड़ो’ शीर्षक के अन्तर्गत दी गई, श्रीगुरुमाई की सिखावनियों को पढ़कर उनका अध्ययन कर सकते हैं।

महाशिवरात्रि पर होने वाले सत्संग में बिल्वाष्टकम् स्तोत्र गाया जाएगा। आप इस स्तोत्र का अनुवाद भी पढ़ सकते हैं। इस संस्कृत स्तोत्र के हर पद के अन्त में आने वाला वाक्यांश है, ‘एकबिल्वं शिवार्पणम्’ जिसका अर्थ है, ‘मैं भगवान शिव को एक पवित्र बिल्वपत्र अर्पण करता हूँ।’ यह वाक्यांश भगवान शिव की पूजा में, एक बिल्वपत्र जैसी छोटी-सी और सामान्य-सी वस्तु अर्पण करने की शक्ति का गुणगान करता है।

यदि आप इस वाक्यांश को कण्ठस्थ कर लें, तो अच्छा है। महाशिवरात्रि पर जब आप सत्संग में होंगे, तब आपको ख़ुशी होगी कि आपने इसे पहले से ही कण्ठस्थ कर लिया।

आदर सहित,
भानु डेम्बर्ग
लाइव ईवेन्ट्स् विभाग प्रमुख

© २०२६ एस. वाय. डी. ए. फ़ाउन्डेशन®। सर्वाधिकार सुरक्षित।